सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 53 | इंदौर, शुक्रवार 05 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## दिल्ली-NCR में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे

◆राजस्थान के अजमेर में बोराज झील टूटी 1000 घरों में पानी, पंजाब में 43 मौतें





**नई दिल्ली/चंडीगढ़/शिमला/देहरादून, (एजेंसी)। बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-NCR में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है।**

हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए।

राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज झील की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।

# मप्र के 16 शिक्षकों का आज होगा सम्मान

## दो शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित, 14 टीचर राज्य स्तरीय समारोह में होंगे सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर वर्ष दिए जाने वाले 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' के लिए इस बार मध्यप्रदेश के दो शिक्षकों का चयन हुआ है। दमोह जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम देवरान टपरिया स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की शिक्षिका शीला पटेल और आगर-मालवा जिले के सुसनेर विकासखंड के ग्राम खेरिया स्थित शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला के शिक्षक भेरूलाल ओसारा को इस सम्मान के लिए चुना गया है। दोनों शिक्षकों को 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में सम्मानित करेंगी।**

इधर, प्रदेश में शुक्रवार को राजधानी भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। यह आयोजन प्रशासन अकादमी में होगा। जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। जिसमें प्रदेशभर से चयनित 14 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। सम्मान स्वरूप प्रत्येक शिक्षक को 25 हजार रुपए की सम्मान निधि, शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा।

साल 2025 राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से इन दो शिक्षकों का होगा सम्मान

### प्राथमिक और माध्यमिक श्रेणी के 8 शिक्षक चयनित

समारोह में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर कार्यरत 8 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें गुना के शासकीय प्राथमिक शाला बिसोनिया के जितेन्द्र शर्मा, शाजापुर के शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-2 के दिलीप जायसवाल, सिवनी के ई.पी.ई.एस. भाटीवाड़ा के दिलीप कटरे, दमोह के शासकीय प्राथमिक स्कूल



बसिया के श्रीकांत कुर्मी, खंडवा की शासकीय उ.मा. वि. रुस्तमपुर की श्रद्धा गुप्ता, दमोह की शासकीय माध्यमिक स्कूल के मोहन सिंह गौंड, उज्जैन की शासकीय माध्यमिक शाला चंदेसरा के अपूर्व शर्मा और अलीराजपुर की शासकीय माध्यमिक शाला के धनराज वाणी शामिल हैं।

### उच्चतर माध्यमिक श्रेणी से 6 शिक्षक होंगे सम्मानित

कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाने वाले 6 शिक्षकों को भी इस बार सम्मान के लिए चुना गया है। इनमें धार जिले के शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. बाग की राधा शर्मा, जबलपुर मेडिकल कॉलेज स्थित शासकीय उ.मा.वि. के डॉ. नरेन्द्र कुमार उरमलिया, सागर के शासकीय उ.मा. संभागीय ज्ञानोदय स्कूल के महेन्द्र कुमार लोधी, रतलाम के शासकीय उ.मा.वि. जावरा की विनीता ओझा और राजगढ़ के शासकीय हाई स्कूल की डॉ. सरिता शर्मा शामिल हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का भी सम्मान होगा

समारोह में वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को भी राज्य स्तर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इनमें दमोह के शासकीय माध्यमिक शाला लिधौरा, ब्लॉक बटियागढ़ के माधव प्रसाद पटेल और मंदसौर के शासकीय हाई स्कूल की शिक्षिका सुनीता गोधा शामिल हैं। इन्हें शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह और 5 हजार रुपए की सम्मान निधि दी जाएगी।

### शिक्षा मंत्री ने दी शुभकामनाएं

राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने चयनित शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये सभी शिक्षक अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में अग्रणी रहे हैं। उनका चयन प्रदेश के अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## राजगढ़ में कालीसिंध नदी में गिरी कार

# नीमच में गुंजाली नदी में बही स्वास्थ्य अफसरों की बोलेरो, ग्रामीणों ने बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। राजगढ़ के सारंगपुर में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे कालीसिंध नदी के पुल से एक कार नीचे गिर गई। पुलिस ने गोताखोरों और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। गाड़ी में कोई सवारी नहीं मिली है। उज्जैन में खाचरोद के नन्दयासी गांव में भी पुलिया पार करते समय एक कार बागेड़ी नदी में बह गई। कार सवार को ग्रामीणों ने बचाया।





उधर, नीमच जिले के रतनगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की गाड़ी पानी के बीच फंस गई। दरअसल, गुरुवार शाम गुंजाली नदी का पानी पुल के ऊपर आ गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग रतनगढ़ के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश मीणा, डॉ. मोहन मुजाल्दे और उनका ड्राइवर बोलेरो से नदी पार कर रहे थे।

गाड़ी तेज बहाव में फंसकर बहने लगी। फिर खजूर के पेड़ से टकराकर रुक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों लोगों को बचाया। आगर मालवा में कुंडालिया बांध के 8 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। शाजापुर में अकोदिया के मदाना गांव में 33/11 केवी उप केंद्र में आकाशीय बिजली गिरी। इससे 8 गांवों में बिजली सप्लाई बंद हो गई।

**रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में अति भारी बारिश का अलर्ट-** मध्यप्रदेश के रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में शुक्रवार को अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, नीमच, मंदसौर, इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, राजगढ़, गुना, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। 24 घंटे में यहां ढाई से साढ़े 4 इंच तक बारिश हो सकती है।

# कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ सभा का आयोजन किया

## कांग्रेस कार्यालय पर जीतू पटवारी की विरोध के पोस्टर लगाए







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में गुरुवार को कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ सभा का आयोजन किया। इससे पहले जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पदभार ग्रहण किया। यात्रा के दौरान इंदौर शहर कांग्रेस कार्यालय पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की विरोध के पोस्टर लगाए गए।**

ये पोस्टर इंदौर के शहर, जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के विरोध स्वरूप लगाए गए हैं। बता दें प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने अपने गृह जिले के नाम पर सृजन अभियान को दरकिनार किया था। दिल्ली में शिकायत के बाद राहुल गांधी ने भी नाराजगी जताई थी। कांग्रेस ने मोती तबेला में आयोजित सभा का बाद हो रही बारिश के चलते रैली निरस्त कर दी। मौके पर ही कांग्रेसियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा में पटवारी ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा का उद्देश्य वोट के अधिकार को बचाना। वोट चोरी से देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं, इसके प्रति जनता को जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। पटवारी ने कहा कि एक माह के अंदर शहर व जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। दो माह में वार्ड कमेटी, मोहल्ला कमेटी और पंचायत कमेटी का भी गठन कर देंगे।एमवाय में हुई बच्चों की मौत पर पटवारी ने कहा कि एमवाय में नवजात की हत्या में भ्रष्टाचारियों का हाथ है। जो दिखे वो चूहे तो छोटे हैं। लेकिन इससे बड़े-बड़े चूहे भाजपा में हैं, जो नवजात बच्चों की हत्या के लिए जिम्मेदार है। ये एक नहीं कई बार हुआ है। पटवारी ने आगे कहा रीवा में पुलिस डंडे बरसा रही है। सरकार यूरिया के नाम पर झूठ बोलती है, किसानों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नई परंपरा शुरू की है कि अपनी ही पार्टी के लोगों को प्रायोजित करके हमारे मंच से बुलवा रहे हैं। लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस वोट चोरी विरोध यात्रा निकाल रही है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11.30 बजे राजबाड़ा पर मां अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। मल्यार्पण के बाद गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने पदभार ग्रहण किया।

# पसीने से चार्ज होगी डिजिटल घड़ी और हियरिंग डिवाइस

## आईआईटी इंदौर में तैयार हुई डिवाइस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सौर ऊर्जा के अलावा ग्रीन इनर्जी के रूप में हवा व पानी का उपयोग करके बिजली तैयार की जा सकेगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर बनाए गए उपकरण के माध्यम से जल वाष्पीकरण की प्राकृतिक प्रक्रिया का उपयोग कर बिजली बनाई जाएगी। इससे छोटे इलेक्ट्रिक उपकरण चार्ज किए जा सकेंगे। इस तकनीक का उपयोग से मेडिकल उपकरणों के संचालन में किया जा सकेगा। हृदय रोगियों के उपचार के लिए लगाए जाने वाले शरीर के अंदर लगाए जाने पेसमेकर व श्रवण बाधितों के कानों में लगाए जाने वाली डिवाइस में भी इस तकनीक का उपयोग होगा।

इन डिवाइस में इस तकनीक से तैयार मेंब्रेन का उपयोग कर वातावरण की नमी यहां तक कि मनुष्य के पसीने से भी मेडिकल उपकरणों को चार्ज किया जा सकेगा। वही डिजिटल वॉच में अभी जहां बैटरी व उसे चार्ज की समस्यां से भी इस तकनीक निजात मिलेगी। मेंब्रेन का उपयोग शरीर पसीने से ही डिजिटल घड़ियां चार्ज हो सकेगी। आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर धीरेंद्र के राय और शोधार्थी खुशवंत सिंह द्वारा संस्थान की सस्टेनेबल एनर्जी एंड एंवायरमेंटल मटेरियल्स (एसईईएम) लैब में इस हवा व पानी से बिजली तैयार करने की तकनीक विकसित की गई गई है।

आईआईटी इंदौर की लैब में ग्रैफीन ऑक्साइड (कार्बन का एक परतदार रूप) और जिंक के बने यौगिक को मिलाकर तैयार की गई मेंब्रेन है। इस मेंब्रेन के आंशिक हिस्से को पानी से स्पर्श करवाया जाता है। उसके पश्चात पानी सूक्ष्म चैनलों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है और वाष्प में तब्दील होना शुरू होता है।

वाष्पीकरण द्वारा संचालित यह गतिविधि मेम्ब्रेन के विपरीत सिरो पर पॉजिटिव और निगेटिव आयनों को अलग करती है, जिससे एक स्थिर वोल्टेज उत्पन्न होता है। इस तरह बिजली तैयार होना शुरू होती है। तीन बाई दो वर्ग सेंटीमीटर आकार की एक मेंब्रेन 0.75 वोल्ट तक बिजली तैयार करती है। जबकि कई मेम्ब्रेन को मिलाकर बिजली उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। यह उपकरण साफ पानी के अलावा खारे अथवा मटमैले पानी के साथ बिजली तैयार कर सकता है।

# होप मिल में अब भी 55 लोग कर रहे काम झांकी बनाने नहीं लेते सहयोग राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर की सबसे पुरानी होप (भंडारी) मिल अब भी ऑन रिकॉर्ड चालू है। भले ही उत्पादन नहीं हो रहा, लेकिन मशीनों का मेंटेनेंस एवं प्रॉपर्टी की देखरेख के लिए 55 से 60 कर्मचारी ऑन रोल रोज ड्यूटी पर जा रहे हैं। कर्मचारियों को बाकायदा अवकाश और ओवर टाइम भी मिलता है। मिल सूत्रों के अनुसार फिलहाल यहां लेबर ऑफिसर, कैशियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी एवं तीन पारियों में सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। मिल के सबसे



पुराने वर्कर एवं वर्तमान में मुख्य सलाहकार श्याम सुंदर यादव ने बताया होप मिल में जब उत्पादन होता था तब भी किसी से सहयोग राशि नहीं ली। चूंकि होप मिल अधिकृत तौर पर आज भी चालू है, इसलिए मिल प्रबंधन अनंत चतुर्दशी के जुलूस में निकलने वाली झांकियों के लिए नगर निगम एवं आईडीए से सहयोग राशि नहीं लेता है। झांकी निर्माण का सारा खर्च मिल प्रबंधन ही वहन करता है। मंदिर में कर्मचारियों द्वारा गणेश की मूर्ति भी स्थापित की गई है। प्रतिदिन पूजन, आरती भी की जाती है।

# मौत के पहले मोबाइल से एक वीडियो बनाया, पत्नी और ब्रायफ्रेंड फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर में रहने वाले मिथुन सकेरिया ने 25 जुलाई को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। मौत के पहले उसने किराएदार के मोबाइल से एक वीडियो बनाया।**



जिसमें पत्नी सरिता और उसके प्रेमी नवीन पर प्रताड़ित करने की बात कही थी। वीडियो में मिथुन ने मां राजकुमारी से कहा कि पत्नी के प्रेमी को सजा जरूर दिलाना। पुलिस ने पत्नी ओर प्रेमी पर FIR तो कर ली लेकिन 10 दिन से ज्यादा होने के बावजूद दोनों अब भी फरार है। गणेश नगर निवासी मिथुन सकेरिया ने सुसाइड के पहले अपने किराएदार उस्मान का मोबाइल लिया। इसमें एक वीडियो बनाया और भाई अर्जुन को भेजा। वीडियो में मिथुन ने कहा कि मेरा सारा पैसा वो नवीन खा गया है। कभी वह मौर्या लगाता है, कभी पटेल। वह राजेंद्र उसे जानता है। वह उसे छोड़कर आया था। अब ये यह लोग वापस मुझे जेल पहुंचाएंगे। मम्मी मैं परेशान हो जाता हूं। मेरे तीन बच्चों से मुझ पर झूठा केस लगवा दिया कि तुमने बलात्कार किया। पुलिस वाले भी मुझे मारते हैं। क्या कोई बाप अपनी बच्चियों से बलात्कार करेगा। अकाउंट चेक करवाओ। सारे पैसे सरिता से नवीन ने लिए हैं। वह शोभा भाभी को पता है। सब सभी पैसे नवीन को पहुंचा दिए। अगर कुछ हो जाए तो सरिता और नवीन को मत छोड़ना। उन पर कार्रवाई करवाना। मां, किराने वाली शोभा को भी नहीं छोड़ना। ये सब मिले हुए हैं। बच्चे और मकान तुम देखना। कारखाने में आग लग गई तो पत्नी सरिता मेरी झूठी रिपोर्ट लिखाकर आ गई।

# खजराना फ्लाईओवर का नाम बदला

## नया नाम गणेश सेतु होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खजराना चौराहे पर बने नए फ्लाईओवर का नाम अब 'गणेश सेतु' रखा गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण ने फ्लाईओवर पर एक्रेलिक बोर्ड लगवाया है, जिसमें नामकरण के साथ-साथ भगवान गणेश से जुड़े प्रमुख श्लोक भी लिखवाए गए हैं। फ्लाईओवर बनने के बाद खजराना चौराहे पर यातायात पहले की तुलना में काफी सुगम हो गया है। हालांकि, मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते अभी भी कुछ अस्थायी परेशानियां बनी हुई हैं। खजराना के अलावा, भंवरकुआं, फूटी कोठी और लवकुश चौराहे पर भी फ्लाईओवर बनाए गए हैं। इन चारों फ्लाईओवर का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुछ महीने पहले किया गया था। निर्माण के बाद से इन व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक में काफी सुधार हुआ है। लवकुश चौराहा पर प्राधिकरण की ओर से 175 करोड़ रुपए की लागत से एक 22 मीटर ऊंचा डबल डेकर ब्रिज भी बनाया जा रहा है, जो इस साल के आखिर तक पूरा हो जाएगा। इस ब्रिज से एक लेवल पर मेट्रो ट्रेन चलेगी, जबकि दूसरा लेवल बाणगंगा से उज्जैन की ओर जाने वाले वाहनों के लिए होगा। प्राधिकरण अब कनाड़िया रोड पर भी डबल डेकर ब्रिज बनाने की योजना पर काम कर रहा है, जो बायपास के ऊपर से गुजरेगा।

इसके अलावा, इंदौर विकास प्राधिकरण ने शहर के अन्य प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर बनाने के लिए फिजिबिलिटी सर्वे भी कराया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर निर्माण के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण सीईओ आर. पी. अहिरवार के मुताबिक, बीआरटीएस के 9 प्रमुख चौराहों का विस्तृत सर्वे कराया गया था। पहले चरण में एलआईजी चौराहा, शिवाजी वाटिका और गीताभवन चौराहा पर फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव सामने आए हैं। ये प्रस्ताव अब जिला स्तरीय यातायात समिति की रिपोर्ट के आधार पर अमल में लाए जाएंगे।

राहुल गांधी बोले-

# इंदौर में बच्चों की मौत हादसा नहीं हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **महाराजा यशवंतराव अस्पताल के एनआईसीयू (नवजात गहन देखभाल इकाई) में 2 बच्चों की मौत को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हत्या कहा है।**

राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- इंदौर में मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत... यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर रूह भी कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई। हेल्थ सेक्टर को जानबूझकर प्राइवेट हाथों में सौंपा गया - जहां इलाज अब सिर्फ अमीरों के लिए रह गया है, और गरीबों के



लिए सरकारी अस्पताल अब जीवनदायी नहीं, मौत के अड्डे बन चुके हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- पीएम मोदी और एमपी के मुख्यमंत्री को शर्म से सिर झुका लेना चाहिए। आपकी सरकार ने देश के करोड़ों गरीबों से स्वास्थ्य का अधिकार छीन लिया है। अब मां की गोद से बच्चे तक छिनने लगे हैं।

इधर, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण राठी इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और एमवाय अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव समेत अन्य अफसरों के साथ बैठक की। तरुण राठी ने अस्पताल के पीडियाट्रिक यूनिट का दौरा भी किया। उन्होंने पेस्ट कंट्रोल एजेंसी और कंपनी के दस्तावेज देखें और बारीकी से एक-एक बिंदु की जानकारी ली। इसके साथ ही नवजात के पोस्टमॉर्टम से पहले दिए गए बयान पर भी अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि जांच के लिए एक राज्य स्तरीय दल गठित किया गया है। यह भी जांच कर रहे हैं कि उनकी मौत में चूहों के काटने का क्या रोल है?

## जेल से छूटते ही गिरफ्तार बांग्लादेशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **जेल में पिछले चार साल से सजा काट रहे बांग्लादेशी दंपत्ति को हीरानगर पुलिस ने बुधवार को जेल से छूटते ही हिरासत में लिया है। उनके पास भारत की नागरिकता नहीं है, इसलिए उन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। फिलहाल उन्हें सेफ हाउस में रखा गया है। ये अपहरण के मामले में जेल गए थे। बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर राज्य स्तर पर बनाई गई एसआईटी को दोनों के जेल से छूटने की जानकारी मिली थी। एसआईटी ने इंदौर पुलिस को अलर्ट किया था।**

हीरानगर टीआई पीएल शर्मा ने बताया कि रोहिणी शेख और उनकी पत्नी रिया को बुधवार को रिहा होते ही जेल के गेट पर ही हिरासत में ले लिया है। हमें पहले से उनके रिहा होने की सूचना थी। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान को लेकर भारत सरकार ने अभियान चलाया था। जिसमें देशभर में अवैध रूप से रह रहे इन लोगों का वैरिफिकेशन किया गया है। इस दौरान इंदौर में भी सराफा, सांवेर रोड, औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का पुलिस ने डाटा इकट्ठा किया है। इन्हें लेकर



इंटेलिजेंस टीम अलर्ट पर है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि रोहिणी शेख और उसकी पत्नी अपहरण कांड में महाराष्ट्र के किशोर खंडारे और उसकी पत्नी नीता के साथ 2020 में जेल गए थे। उन्हें कोर्ट ने चार साल की सजा सुनाई थी, जो पूरी हो गई है। उस समय इन दोनों की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से हुई थी। जल्द ही उन्हें उनके देश भेज दिया जाएगा।

### रेलवे पटरी के पास मिला बांग्लादेशी

इंदौर पुलिस ने हीरानगर रेलवे पटरी के पास झुग्गी में रह रहे सौरभ की जानकारी एसआईटी भोपाल को भेजी है। वह बांग्लादेशी है और लंबे समय से इंदौर में रह रहा है। उसने यहां आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज भी बनवा लिए हैं। सौरभ की निगरानी की जा रही है।

## फर्जी वकील बनकर महिला ने ठगे 2.75 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **हीरानगर में रहने वाले एक व्यक्ति के साले का तलाक कराने के नाम पर एक महिला ने खुद को फर्जी वकील बताकर ठगी कर ली। महिला ने झांसा देकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और नकद रूप में लाखों रुपए वसूल लिए। बाद में पता चला कि जिस नाम से महिला वकील होने का दावा कर रही थी, वह इंदौर कोर्ट में है ही नहीं है।**

जब महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। फरियादी की शिकायत के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी महिला





पर केस दर्ज किया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। हीरानगर पुलिस ने मामले में शैलेन्द्र चौहान निवासी तिलक नगर, देवास की शिकायत पर आशी शर्मा निवासी कबीटखेड़ी, सब्जी मंडी गोल्डन गेट के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, शैलेन्द्र के साले रोहित रजत की शादी ललितपुर निवासी रागिनी से हुई थी। आपसी विवाद के कारण मामला तलाक तक पहुंच गया। तलाक की पैरवी के लिए ललितपुर में एक वकील नियुक्त किया गया था, लेकिन उसके काम से संतुष्ट न होने के कारण नया वकील तलाशने की बात चल रही थी। इसी बीच मार्च 2024 में कबीटखेड़ी पर काम के दौरान शैलेन्द्र की मुलाकात आशी शर्मा से हुई। उसने खुद को वकील बताते हुए रोहित के केस की पैरवी करने की हामी भर दी। आशी ने पूरे मामले को निपटाने के लिए करीब 5 लाख रुपए फीस बताई और शुरुआती तौर पर 3 लाख रुपए मांगे। शैलेन्द्र ने एकमुश्त पैसे देने से इनकार किया, तो उसने किश्तों में पैसे लेना शुरू कर दिया। कुल मिलाकर 2 लाख 30 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और 45 हजार रुपए नकद आशी को दिए गए। इसके बावजूद, जब रोहित पेशी के लिए पहुंचता, तो आशी वहां मौजूद नहीं होती। पूछने पर वह कहती कि मामला अदालत के बाहर सुलझा रही है, लेकिन धीरे-धीरे उसने कॉल उठाना बंद कर दिया। जब शैलेन्द्र और रोहित ने इंदौर कोर्ट में जाकर जानकारी ली, तो पता चला कि आशी नाम की कोई महिला वकील बार एसोसिएशन में पंजीकृत ही नहीं है। महिला के पते पर पहुंचने पर भी वह फर्जी निकला। फिलहाल पुलिस उसकी कार और मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

## शादी के दस महीने बाद आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में एक महिला ने आत्महत्या कर ली। महिला की शादी को सिर्फ दस महीने हुए थे और अब उसने खौफनाक कदम उठा लिया। शादी के बाद महिला अपने ससुराल में रहने इंदौर आई थी। आरोप है कि ससुराल वाले उसे ताने मारते थे, प्रताड़ित करते थे। भाई और भाभी से बात भी नहीं करने देते थे। पति भी आए दिन उससे विवाद करता था। इस सब से परेशान होकर नवविवाहिता कोमल शुक्ला ने फांसी लगा ली। कोमल शुक्ला के परिजनों का आरोप है कि पति बीरबल मिश्रा और जेठ उनकी बेटी को लगातार परेशान करते थे। उसने इस बात का जिक्र कई बार अपनी भाभी से कॉल पर बात करते हुए किया था।

इस पर उसके भाई ने कोमल के पति और जेठ से बात कर उसे परेशान नहीं करने का



आग्रह किया था। इसके बाद भी उन्होंने कोमल को प्रताड़ित करना जारी रखा। भाई ने बताया कि कोमल की आत्महत्या की खबर भी उन्हें देर से दी गई। सुबह करीब 5 बजे कोमल ने फांसी लगाई थी, लेकिन हमें इसकी जानकारी सुबह 11 बजे कॉल कर दी गई। इसके बाद लखनऊ से भाई और अन्य रिश्तेदार इंदौर पहुंचे। ससुरालवालों ने बताया कि कोमल ने घर के बाथरूम में लगे शावर पर फांसी का फंदा लगाया और उस पर लटकर जान दे दी। वह काफी देर तक बाथरूम से नहीं निकली, तो उसे आवाज दी। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़कर देखा को उस शव शावर से लटक रहा था। इसके बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खुडैल थाना पुलिस ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। कोमल के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उसके मोबाइल की जांच करेगी। अगर, आत्महत्या से पहले कोई ऑडियो, वीडियो या चैट रिकॉर्ड की गई होगी, तो उससे स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। महिला के पति बीरबल मिश्रा का बिजनेस है। परिजनों से लिए गए प्रारंभिक बयानों में फिलहाल कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है।

## मंदिरों के लिए प्रशासक नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इन्दौर शहर में आयुक्त कार्यालय इन्दौर द्वारा संधारित अनेक धार्मिक स्थान/मंदिर जैसे- गोपाल मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, तुलसी दास राम मंदिर, पंढरीनाथ मंदिर इत्यादि है। इन मंदिरों में आवश्यक व्यवस्था, निर्माण कार्यो के पर्यवेक्षण एवं धार्मिक आयोजनों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त अधिकारी श्री ओ.पी. श्रीवास्तव को मानसेवी आधार पर समन्वयक/ प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## नगर निगम और IFC के बीच MOU:1700 करोड़ लोन राशि का समझौता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **नगर निगम इंदौर और इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन (IFC) के बीच 1700 करोड़ रुपए के लोन के लिए एमओयू साइन हुआ। यह समझौता अमृत योजना के चौथे चरण, धार रोड पर बनने वाले चंदन नगर चौराहे के ब्रिज, नया नगर निगम बिल्डिंग, और वर्कशॉप निर्माण जैसे विकास कार्यों को गति देगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में IFC की ओर से मोहित बनेड़ीवाला और विक्टोरिया डेलमेन ने तथा निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने एमओयू पर साइन कर डॉक्यूमेंट्स एक्सचेंज किए।**

### 2200 करोड़ तक विस्तारित अमृत योजना

महापौर ने बताया कि शुरू में अमृत योजना केवल 1100 करोड़ रुपए की थी, लेकिन भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसका दायरा बढ़ाकर लगभग 2200 करोड़ रुपए तक किया है। इनमें से 1200 करोड़ अमृत प्रोजेक्ट के लिए और 500 करोड़ नए निगम भवन, चंदन नगर ब्रिज और वर्कशॉप बनाने के लिए उपयोग होंगे। महापौर भार्गव ने कहा - यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि बिना किसी गारंटी और कोलेट्रल के केवल नगर निगम की क्षमता के आधार पर हमें 1700 करोड़ रुपए का लोन मिला है।

महापौर ने कहा नर्मदा जल योजना का चौथा चरण 2045 तक इंदौर की जरूरतों को पूरा करेगा और 2055 तक जल आपूर्ति क्षमता को सुनिश्चित करेगा। इसे इंदौर के विकास के लिए भविष्य का मील का पत्थर बताया गया। अंत में उन्होंने IFC टीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी भारतीय शहर को इतने बड़े लोन की राशि बिना किसी गारंटी के देने के लिए आपसी सहमति हुई है।

# नवजात शिशुओं की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच के साथ की जाएगी कार्रवाई...

## स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और कलेक्टर को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर प्रवास के दौरान प्रदेशवासियों को डोलग्यारस की शुभकामनाएं और धार जिले के बदनावर में स्थापित होने वाले पीएम मित्रा पार्क की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पार्क से एक लाख रोजगार प्रत्यक्ष रूप से तथा दो लाख रोजगार अप्रत्यक्ष रूप से निर्मित होंगे। इस दृष्टिकोण से यह अत्यंत महत्वपूर्ण उद्योग होगा। इससे मालवा निमाड़ क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों सहित इससे जुड़े व्यवसायियों के लिए भी बड़ी उपलब्धि होगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क दो हजार एकड़ क्षेत्र का बड़ा प्रोजेक्ट है। यह जनजातीय अंचल के धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खण्डवा आदि समूचे कपास उत्पादक क्षेत्र की दृष्टि से बड़ा वस्त्र उद्योग का केंपस बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वयं की योजना है, जिसको मध्यप्रदेश सरकार ने बाकी राज्यों की तुलना में सबसे तेज गति से भूमिपूजन लायक बनाया है।

उन्होंने बताया कि आज नई दिल्ली में देश और दुनिया के वस्त्र उद्यमियों के साथ इस योजना को शेयर भी किया गया है। इससे बड़े पैमाने पर उद्यमी यहां आएंगे और मध्यप्रदेश से जुड़ेंगे। स्थानीय नागरिकों को रोजगार देंगे। युवा, गरीब, मजदूर किसान इन सभी की जिंदगी की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जो अभियान चलाया जा रहा है, यह उसी सिलसिले की एक बड़ी कड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारा समय अब वापस लौट रहा है, हमारे चारों ओर कारखानों की बयार आ रही है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर एमवाय अस्पताल में नवजात शिशुओं की हुई मृत्यु को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस तरह की घटनाएं न हो इसके लिए समस्या का स्थाई समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गंभीर घटना एवं लापरवाही के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, कलेक्टर को निर्देश दिए है कि इस प्रकरण में उच्च स्तरीय जाँच करायी जाये और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## उज्जैन में मंदिर, रतलाम में रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म डूबा

### महू की चोरल नदी में बहा युवक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में गुरुवार को भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहा। इंदौर में लगातार हो रही बारिश की वजह से कान्ह नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कृष्णपुरा पुल के पास दो लोग फंस गए थे, जिन्हें नगर निगम और पुलिस की टीम ने रेस्क्यू किया।**

उज्जैन में क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के मंदिर डूब गए हैं। उनके गुंबद तक पानी आ गया है। प्रशासन ने लोगों को घाटों से दूर रहने की चेतावनी दी है। रतलाम में रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 4 पानी में डूबा है। जनता कॉलोनी, पीएंडटी कॉलोनी, जवाहर नगर समेत कई रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया है। गृहस्थी का सामान डूब गया। पलसोड़ा गांव पूरी तरह पानी में डूबा है। महू के पास कालाकुंड में तेज बहाव से बह रही चोरल नदी में एक युवक ने छलांग लगा दी। नदी के तेज बहाव में उसकी तलाश जारी है।

## महिला जज को 5 अरब फिरौती की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** त्योंथर न्यायालय में पदस्थ न्यायधीश को धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था कि जिंदा रहना है तो पैसा देना पड़ेगा, पत्र में 5 अरब की मांगी गई। फिरौती भरा पत्र त्योंथर न्यायालय के न्यायाधीश मोहिनी भदौरिया को पोस्ट ऑफिस से मिला। धमकी वाले पत्र में आरोपी ने खुद को डकैत हनुमान का साथी बताया गया। न्यायाधीश ने आज (गुरुवार) सोहागी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जज की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया। रीवा एसपी विवेक सिंह का कहना है कि यह घटना 2 सितम्बर की है। पुलिस ने तत्काल शिकायत मिलते ही मामला दर्ज कर लिया। संदेही की गिरफ्तारी के लिए प्रयागराज की ओर टीम रवाना की गई।

### विधायक गौतम टेटवाल की जुबान फिसली...

## विजयवर्गीय को कहा- 'शोषितों का संहारक'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सारंगपुर, एजेंसी। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को पचोर में 12.77 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लगभग 3 करोड़ रुपए के छह कामों का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल की जुबान फिसल गई, जिन्होंने विजयवर्गीय की तारीफ में उन्हें 'शोषित, पीड़ित, वंचित समाज का संहारक' बता दिया।**



दोपहर लगभग 1:30 बजे पचोर पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय ने एक किलोमीटर से अधिक का रोड शो किया। इस दौरान शहर की 100 से ज्यादा संस्थाओं और परिवारों ने उन पर पुष्पवर्षा और आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। मंच पर कन्या पूजन और संत सम्मान के बाद विजयवर्गीय ने 12.73 करोड़ की कुल लागत से 11 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें नगरपालिका कार्यालय भवन, वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण, मंगल भवन, सामुदायिक भवन और पूरे नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे काम शामिल हैं।

इसके अलावा उन्होंने 3 करोड़ के छह कार्यों का लोकार्पण भी किया, जिनमें सामुदायिक भवन, डामरीकरण और सीसी रोड का निर्माण शामिल है। कार्यक्रम के दौरान विधायक गौतम टेटवाल ने दो बार संबोधन में ग़लती की। पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए उन्हें डॉक्टर कहा। इसके बाद मंत्री विजयवर्गीय की तारीफ करते हुए, उन्होंने कहा, 'यह शोषित, यह पीड़ित, यह वंचित समाज के संहारक, यह संस्कृति और संस्कारों के संहारक हैं।' विधायक के इस बयान पर मंच पर मौजूद अन्य नेता भी असहज हो गए। मंच पर सांसद रोडमल नागर, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक हजारीलाल दांगी, विधायक अमर सिंह यादव और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक नागरिक और कई प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री विजयवर्गीय के रोड शो के दौरान भीड़ में दो लोगों की जेब से एक लाख रुपए गायब हो गए। बोड़ा निवासी किसान चंदर सिंह राजपूत और पचोर निवासी दुर्गा प्रसाद राजौरे ने पचोर थाने में 50-50 हजार रुपए जेब से कटने की शिकायत के आवेदन दिए हैं।

### दिग्विजय बोले-

## मोदी ने मां के देहांत पर मुंडन नहीं कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कहा है कि खुद को सनातनी हिंदू कहने वाले मोदी जी ने अपनी मां के देहांत पर मुंडन तक नहीं कराया। दिग्विजय सिंह गुरुवार को राजगढ़ पहुंचे थे। जहां मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी जी, आपने कितनी सेवा की माता जी की? आप अपने आप को सनातनी हिंदू कहते हैं, लेकिन जब आपकी माताजी का देहांत हुआ तब आपने मुंडन भी नहीं कराया। फिर आप दूसरों को सेवा और संस्कार का पाठ कैसे पढ़ा सकते हैं? दरअसल, दिग्विजय सिंह बिहार के दरभंगा में कांग्रेस के मंच से पीएम मोदी को गाली दिए जाने के सवाल पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा- गाली किसने दी है? क्या कांग्रेस के किसी वर्कर या नेता ने दी है? मोदी जी खुद गालियां देते हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को उन्होंने क्या-क्या नहीं कहा?



दिग्विजय सिंह ने कहा कि आज देश की असली समस्या गालियां नहीं, बल्कि संविधान पर खतरा, वोट की चोरी, चुनाव आयोग का पक्षपात, महंगाई और बेरोजगारी है। अमीर और गरीब की खाई लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए गालियों की चर्चा करते हैं।

## दोस्त के हाथ पर देखा पत्नी का टैटू, जहर खा कर दे दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**मुरैना।** जिले के अंबाह वार्ड नंबर सात बिहार कॉलोनी में पत्नी और उसके प्रेमी के रिश्तों से आहत होकर एक युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। जब इस बात की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्ट मार्टम भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मृतक संतोष शर्मा ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। सुबह अचानक बीमार हुआ। उसे उसकी पत्नी राखी शर्मा और कथित प्रेमी मुकेश कुशवाह जिला अस्पताल मुरैना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रविन्द्र शर्मा, जो सेना में कार्यरत हैं ने बताया कि आरोपी मुकेश ने पहले उनके भाई से दोस्ती की, घर आना-जाना शुरू किया और फिर उसकी आड़ में भाभी से नजदीकियां बढ़ा लीं।

# संपादकीय

## आम लोगों के जीवन में बचत ज्यादा से ज्यादा कैसे हो...

पीएम नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने जीएसटी में इस सुधार को देश के विकास के लिए जरुरी बताया है। जीएसटी में कटौती को लेकर पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिए गए भाषण का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने जीएसटी के पहले से सरल होने की बात कही। इसमें उन्होंने राज्यों के सहयोग का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस की पहले की सरकारों पर टैक्स वसूलने को लेकर भी निशाना साधा। पीएम ने कांग्रेस सरकारों पर साइकिल, टॉफी और सीमेंट पर टैक्स लगाने का जिक्र किया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों के संबोधित करते हुए जीएसटी सुधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। उन्होंने कहा कि मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरुरी है। पीएम ने कहा कि मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी। आज मैं देशवासियों से फिर कहूंगा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रिफॉर्म्स का ये सिलसिला रुकने वाला नहीं है। भारत के लिए आत्मनिर्भरता... ये कोई नारा नहीं है, इस दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। हमारी सरकार का मकसद है कि आम लोगों के जीवन में बचत ज्यादा से ज्यादा कैसे हो, लोगों का जीवन बेहतर बने। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा, मैंने देशवासियों से भी ये वादा किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल (3 सितंबर को) भारत सरकार ने राज्य के साथ मिलकर के बहुत बड़ा निर्णय किया है। अब जीएसटी और भी ज्यादा सरल हो गया है। उन्होंने कहा किक जीएसटी के मुख्यत: दो ही रेट रह गए हैं... 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। पीएम मोदी ने कहा कि 22 सितंबर... सोमवार यानि नवरात्र के पहले दिन से GST की नई दरें लागू हो जाएंगी। पीएम मोदी ने इस मौके पर पहले की कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा। पहले की सरकारों में सामानों पर कितनी बड़ी मात्रा टैक्स लिया जाता था। उन्होंने कहा कि 2014 में मेरे आने से पहले रसोई का सामान हो, खेती किसानी से जुड़े सामान हो या फिर दवाइयां हो, यहां तक जीवन बीमा पर भी... ऐसी अनेक चीजों पर कांग्रेस सरकार अलग अलग टैक्स लेती थी। कांग्रेस सरकार टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल पर 27 प्रतिशत टैक्स लेती थी। पीएम ने कहा, हालत यह थी कि कांग्रेस वाले बच्चों की टॉफी पर भी 21 प्रतिशत टैक्स लेते थे। करोड़ो लोगों की जरुरत साइकिल पर भी 17 प्रतिशत टैक्स लेते थे। लाखों महिलाओं, माताओं बहनों के स्वाभिमान का प्रतीक सिलाई मशीन पर भी कांग्रेस की सरकार 16 प्रतिशत टैक्स लगता था। उन्होंने कहा कि अगर वही दौर होता तो आज आपको 100 रुपए की कोई चीज खरीदते तो आपको 20-25 रुपए टैक्स देना होता। लेकिन हमारी सरकार का मकसद है कि आम लोगों के जीवन में बचत ज्यादा से ज्यादा कैसे हो, लोगों का जीवन बेहतर बने।

isha



**कभी भी इस संदर्भ में न सोचें कि कौन आपसे बेहतर या बुरा कर रहा है। एकमात्र सवाल यह है कि क्या आप अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# भारत की महान महिलाएं, जिनके बिना अधूरी है शिक्षा और सशक्तिकरण की गाथा




**शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास के साथ ही देश की उन्नति के लिए आवश्यक है। शिक्षा का जिम्मा छात्र और शिक्षक पर होता है। शिक्षक वह है जो समाज की नींव व प्रगति की दिशा दिखाता है। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देता है, बल्कि वास्तविक जीवन जीने के गुर सिखाता है। शिक्षा का अधिक सभी को है, चाहे वह लड़का हो या लड़की, गरीब हो या अमीर। हालांकि एक दौर ऐसा भी था, जब महिलाओं के पढ़ाई करने पर प्रतिबंध था। वह शिक्षा से वंचित थीं। लेकिन कई महिलाओं के ऐतिहासिक कदम ने न केवल आज की बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिलाया, बल्कि दूसरों को शिक्षित करने की क्षमता भी दर्शायी। भारत में महिला शिक्षिकाओं का योगदान इस दिशा में अतुलनीय रहा है। सावित्रीबाई फुले ने जब लड़कियों को शिक्षा देने का बीड़ा उठाया, तब समाज ने उनका विरोध किया। लेकिन आज वही बीज, लाखों महिला शिक्षिकाओं के रूप में पनप रहा है। टीचर्स डे 2025 पर आइए जानते हैं उन प्रेरणादायी महिलाओं की कहानी, जिन्होंने शिक्षा को महिलाओं की आजादी और सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन बनाया।**

### भारत की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले

सावित्रीबाई फुले को भारत की पहली महिला शिक्षिका माना जाता है। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोला। उन्होंने समाज की रूढ़िवादी सोच और तानों को सहकर महिलाओं और दलितों को शिक्षा देने का साहस दिखाया। विवाह से पहले वह स्कूल तक नहीं गई थीं, लेकिन शादी के बाद उन्होंने खुद शिक्षा हासिल की और बालिकाओं के लिए पहले स्कूल की भी स्थापना की।

### रुकैया सखावत हुसैन ने मुस्लिम बेटियों को दिलाया शिक्षा का अधिकार

रुकैया सखावत नारीवादी विचारक, कथाकार, उपन्यासकार और कवि थीं। उन्होंने बंगाल में मुसलमान लड़कियों की पढ़ाई के लिए मुहिम चलाई थी। इसके अलावा मुसलमान महिलाओं का संगठन गठित किया था। महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने लड़कियों की शिक्षा का सपना देखा था। 1910 में रुकैया सखावत ने भागलपुर में लड़कियों स्कूल खोला और 1911 में कोलकाता में स्कूल की शुरुआत की। बंगाल में मुसलमान लड़कियों की शिक्षा के लिए ये दोनों स्कूल वरदान साबित हुए। रुकैया द्वारा स्थापित सखावत मेमोरियल गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल आज भी कोलकाता में चलता है। हालांकि उस दौर में इस स्कूल को चलाने के लिए रुकैया को काफी विरोध का सामना करना पड़ा।

### रमाबाई रणाडे का शिक्षा सुधार आंदोलन

रमाबाई रानाडे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता और 20वीं सदी के शुरुआती दौर की पहली महिला अधिकार कार्यकर्ताओं में से एक थीं। महिला शिक्षा को लेकर रमाबाई रणाडे ने भी गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने लड़कियों के लिए नाइट स्कूल और प्रशिक्षण केंद्र खोले।उनकी कोशिशों से महिला साक्षरता को नया आयाम मिला।

### आज की शिक्षिकाओं का प्रयास

आज की शिक्षिकाओं की बात करें तो नैनीताल जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में खंड शिक्षा अधिकार और प्राचार्य रहीं गीतिका जोशी ने एक गरीब जरूरतमंद छात्रा की पढ़ाई की फीस दी। उसके लिए घर से खुद टिफिन बनाकर लातीं, ताकि बच्ची का भविष्य सुधर सके। आज उनके प्रयास से छात्रा अपने पैरों पर खड़ी होकर निजी क्षेत्र में नौकरी कर रही है।

बिना किसी बाधा के बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का काम ऐसी ही कई अन्य शिक्षिकाएं भी कर रही हैं। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर सीमा भारती झा, दिल्ली के माउंट आबू पब्लिक स्कूल की शिक्षिका शिप्रा गोम्बर और चंदौली के सम्मान (इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फॉर डिसेबल्ड) की शिक्षिका पुष्पा कुशवाहा जैसी शिक्षिकाओं का नाम शामिल कर सकते हैं। ये सभी किसी न किसी तरह से छात्रों के लिए विशेष प्रयास कर रही हैं ताकि हर बच्चा बिना किसी दबाव, तनाव या समस्या के शिक्षित हो सके।

Jammu & Kashmir

# जम्मू के बाद कश्मीर में आफत, पांपोर-टेंगन बाईपास बांध टूटे, झेलम का पानी घरों में घुसा

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू संभाग के बाद कश्मीर में बाढ़ की आफत ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में वीरवार को मौसम खुल गया लेकिन लोग तबाही के भय से उबर नहीं पा रहे हैं। पांपोर और टेंगन बाईपास बांध टूटने व बडगाम जिले के जूनीपोरा के पास झेलम नदी के बांध में दरार आने से कई गांव जलमग्न हो गए हैं। किश्तवाड़ और उधमपुर में भूस्खलन के मामले सामने आए। कठुआ में बारिश थमने के बाद लोगों के घरों में दरारें आ रही हैं।

पुलवामा जिले में पांपोर के संबूरा में बांध टूटने से नौगाम के आसपास बाढ़ का खतरा बना हुआ है। टेंगन बाईपास पर भी बांध टूटने से रिहायशी इलाके में बाढ़ का पानी घुस गया है। कश्मीर के मंडलायुक्त अंशुल गर्ग ने बताया कि झेलम तटबंध टूटने के बाद एहतियात के तौर पर बडगाम के प्रभावित इलाकों से करीब 9,000 लोगों को निकाला गया है। जलस्तर घटने से स्थिति नियंत्रण में है। घबराने की जरूरत नहीं है। मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के जूनीपोरा के पास झेलम नदी के बांध में दरार आने से शालिना, रख शालिना और बागे शाकिरशाह गांव जलमग्न हो गए। इन गांवों के लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बडगाम जिला प्रशासन के अनुसार जीएचएस वागूरा, जीएचएसएस खंदा, शेख-उल-आलम, एचएस वागूरा, जीएचएसएस बीकेपोरा, इस्लामिक पब्लिक एचएस क्रालपोरा और दार-उल-फतह डांगरपोरा में छह बचाव केंद्र सक्रिय कर दिए गए हैं।



Uttarpradesh

## कचहरी में दामाद ने ससुर को पीटकर मार डाला, परिसर में मची अफरातफरी

**बदायूं, (एजेंसी)** यूपी के बदायूं में कचहरी में मुकदमे की पैरवी करने आए ससुर के साथ उसके दामाद ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मारपीट कर हत्या कर दी। परिसर में अफरातफरी मच गई। अधिवक्ताओं और अन्य लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की ओर से दामाद गुल सबाब व उसके तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव जतकी के रहने वाले मोहम्मद मियां ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह एक मुकदमे में वादी हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने मुकदमे में पैरवी के लिए न्यायालय परिसर सहसवान में आए थे। इसी दौरान सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर के रहने वाला उनका दामाद गुल सबाब अपने तीन भाइयों के साथ कचहरी परिसर में घुस आया और अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने मोहम्मद मियां को मारपीट कर घायल कर दिया। मोहम्मद मियां के साथ हो रही मारपीट से कचहरी परिसर में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद वकीलों और न्यायालय परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर रहे एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि तीन लोग फरार हो गए, जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है।मारपीट में घायल मोहम्मद मियां को पुलिस ने सहसवान सीएचसी पर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने शव मोर्चरी में रखवाकर सहसवान कोतवाली पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने घायल होने के दौरान मोहम्मद मियां की तहरीर पर ही दामाद गुल सबाब, शादाब, अल्ताफ और फिरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

Gujrat

## बेटे को 13वीं मंजिल से फेंककर मां ने छलांग लगाई

**सूरत।** गुजरात में सूरत के अलथाण इलाके में लूम्स फैक्ट्री मालिक की पत्नी ने 2 साल के बेटे के साथ आत्महत्या कर ली।



महिला ने पहले अपने बेटे को 13वीं मंजिल से फेंका और उसके 12 सेकेंड बाद खुद भी छलांग लगा दी। मां-बेटे की लाशें सोसायटी में स्थापित गणेश पंडाल से सिर्फ 20 फीट की दूरी पर पड़ी थीं। वारदात बुधवार शाम की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज गुरुवार को सामने आया है। पुलिस जांच में अब तक सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। महिला के परिवार से भी सुसाइड की कोई वजह साफ नहीं हो पाई है। परिवार भी आर्थिक रूप से संपन्न था। पुलिस ने मृतक पूजा का मोबाइल जांच के लिए भेज दिया है।

Paschim bangal

## खेत में बनाया तहखाना, प्रिंटर से छापने लगे नकली नोट... छापा पड़ा तो 40 लाख के नकली नोट मिले

**बनासकांठा, (एजेंसी)** बनासकांठा पुलिस की लोकल क्राइम ब्रांच (LCB) ने डीसा तालुका के महादेविया गांव में छापेमारी की. इस दौरान नकली नोट छापने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ. पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया. इस दौरान पुलिस ने मौके से पांच प्रिंटर, स्टेशनरी का सामान और लगभग 40 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं.

पुलिस को सूचना मिली थी कि महादेविया गांव में एक खेत में बने तहखाने में नकली नोटों का कारोबार चल रहा है. इसी आधार पर देर रात छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान पुलिस ने मास्टरमाइंड संजय सोनी और कौशिक श्रीमाली को गिरफ्तार कर लिया, जबकि खेत का मालिक रायमल सिंह परमार फरार हो गया. शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने नकली नोट छापने की बात कबूल की है.



पुलिस जांच में सामने आया है कि रायमल सिंह परमार के खिलाफ पहले से ही 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें फिरौती, निषेध और मारपीट के गंभीर अपराध शामिल हैं. उस पर पहले पासा (गुजरात का कठोर सुरक्षा कानून) के तहत भी एक्शन हो चुका है. इस मामले में जेल से बाहर आने के बाद उसने संजय सोनी के साथ मिलकर अपने खेत में एक तहखाना बनाकर नकली नोट छापने की फैक्ट्री शुरू कर दी.

खेल

# दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल वेस्ट जोन ने 363 रन बनाए

### ऋतुराज गायकवाड 184 रन बनाकर आउट; साउथ जोन से नारायण जगदीसन ने सेंचुरी लगाई

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले गुरुवार से शुरू हुए। बेंगलुरु में BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदानों पर दोनों मैच हो रहे हैं। मुकाबले के पहले दिन नॉर्थ जोन के खिलाफ साउथ जोन ने 3 विकेट खोकर 297 रन बना लिए। वहीं सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन ने 363 रन पर 6 विकेट गंवा दिए।



### सेमीफाइनल-1 : नॉर्थ जोन vs साउथ जोन

ग्राउंड-ए में नॉर्थ जोन ने फील्डिंग चुनी। साउथ जोन से तन्मय अग्रवाल और नारायण जगदीसन ने सेंचुरी ओपनिंग पार्टनरशिप कर ली। तन्मय 43 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद देवदत्त पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई और टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। मोहित काले महज 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जगदीसन दिन का खेल खत्म होने तक टिके रहे, वे 148 रन बना चुके हैं। उनके साथ कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 11 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। नॉर्थ जोन से निशांत सिंधु ने 2 विकेट लिए। अंशुल कम्बोज को 1 विकेट मिला।

### सेमीफाइनल-2 : वेस्ट जोन vs सेंट्रल जोन

ग्राउंड बी में वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम के ओपनर्स यशस्वी जायसवाल 4 और विकेटकीपर हार्विक देसाई महज 1 रन बनाकर आउट हो गए। नंबर-3 पर उतरे आर्या देसाई ने फिर ने 39 रन बनाकर टीम को 100 रन के करीब पहुंचा दिया।

गायकवाड डबल सेंचुरी लगाने से चूके नंबर-4 पर उतरे ऋतुराज गायकवाड ने फिर एक एंड संभाल लिया। उनके सामने श्रेयस अय्यर 25 और शम्स मुलानी 18 रन बनाकर आउट हो गए। गायकवाड ने फिर तनुष कोटियान के साथ पारी संभाली और टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। गायकवाड 184 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 363 रन बना लिए। कोटियान 65 और कप्तान शार्दूल ठाकुर 24 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सेंट्रल जोन से खलील अहमद और सारांश जैन ने 2-2 विकेट लिए। दीपक चाहर और हर्ष दुबे को 1-1 विकेट मिला।

सिनेमा

## एक हफ्ते में ही खत्म हुआ 'परम सुंदरी' का खेल, बजट निकाल पाने में छूटेंगे पसीने



बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' लंबे इंतजार के बाद 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म की रिलीज डेट में कई बार बदलाव हुआ। 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ और जाह्नवी की जोड़ी पहली बार ऑन स्क्रीन काफी पसंद की जा रही है। इस फिल्म की कहानी भले ही दर्शकों को काफी पसंद आई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये कमाल नहीं दिखा पा रही है। 'परम सुंदरी' को रिलीज हुए आज सात दिन हो गए हैं। ऐसे में फिल्म के गुरुवार के दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। तो चलिए, जानते हैं अब तक इसने कितना कलेक्शन कर लिया? तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी फिल्म 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों के ठीक-ठाक रिव्यू मिले हैं। फिल्म में दोनों की एक्टिंग को पसंद किया गया। मूवी की कहानी की बात करें तो यह कहानी परम नाम के एक लड़के की जो अपनी खुद की डेटिंग ऐप लॉन्च करना चाहता है और सुंदरी नाम की लड़की की, जिस पर उसका दिल आ जाता है। करीब 50 करोड़ की लागत में बनी 'परम सुंदरी' को IMDb पर 7.1 रेटिंग मिली है। वहीं, अब इसके गुरुवार के शुरुआती आंकड़े आ चुके हैं। Sacnilk की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार, 'परम सुंदरी' ने 7वें दिन खबर लिखते तक 2.75 करोड़ रुपये की कमाई की है।

## Highlights

1. **Waterlogging in parts of Delhi as Yamuna level rises after rains**
2. **Which are the best medical and dental colleges in India as per latest rankings?**
3. **Footwear to become cheaper as govt cuts GST rates**
4. **Heavy to extremely heavy rainfall warning issued for 13 states, list released**
5. **Union Agriculture Minister Shivraj visits Punjab's flood-hit areas**

# 'Double dose for growth': PM Modi hails GST 2.0, attacks Opposition

**NEW DELHI, (Agency).** The changes in the Goods and Services Tax regime is a double dose of support and growth for the nation and the next-generation reforms have been done to support India's progress in the 21st century, Prime Minister Narendra Modi said on Thursday, a day after the GST Council approved the most sweeping overhaul of the country's consumption tax since its 2017 launch.

Modi's comments came even as experts said the rate cuts will boost domestic demand , offset the impact of US tariffs in businesses such as textiles and leather , and may increase real gross domestic product (GDP) from existing estimates of 6.5% to 6.7% in 2025-26.



"Without timely reforms, our country cannot claim its rightful place in today's global landscape. As I had said from the ramparts of Red Fort on August 15, it is essential to implement next-generation reforms to make India truly self-reliant. I had also assured the nation that there would be a double blast of happiness for citizens ahead of this Diwali and Chhath Puja..This time, the festivity of Dhanteras will also be even more vibrant as the tax on dozens of items has now been reduced significantly," Modi said while interacting with the National Awardee Teachers. Stating that GST has become even simpler, the PM said, "On 22 September, which is the first day of Navratri, the next generation reform will be implemented as all these things are related to the 'Matrishakti ' (maternal strength)". Modi said that the poor, neo middle class, middle class women, students, farmers and young people will particularly benefit from the decision. He further said that these would lead to "ease of doing business", and boost employment and investments.

The PM said that reforms in GST have added Panchratna (five aspects) to India's economy, "First, the tax system has become much simpler. Second, the quality of life of the citizens of India will improve further. Third, both consumption and growth will get a new boost. Fourth, ease of doing business will boost investment and employment.

# New GST rates on all cars in India, from Alto to Mahindra Thar and Tata Nexon

**NEW DEIHI, (Agency).** The government has come through on a longstanding demand of India's automotive industry, that of a GST rate cut on cars to increase adoption of personal mobility in the country. After all, while India is the third-largest car market in the world, adoption is abysmally low at 32-34 cars per 1,000 people.

The 56th GST Council has reduced the tax on small cars to 18% from 28% earlier. Bigger cars, including SUVs are in a new 40% slab—without any additional cess, that reduces the final tax incidence. Electric cars will continue to attract 5% GST. All auto components—irrespective of the vehicle type they go into—are also rated at



18%. "This decision (GST rate cut on cars) will not only make vehicles more affordable, but also simplify the classification disputes that have long been a source of ambiguity for the industry," Saurabh Agarwal, partner and automotive tax leader at EY, said in a note. "The removal of cess will provide crucial support to a sector that is a vital engine of economic growth." The GST Council has defined the small car as less than four metres with petrol/CNG/LPG engines less than 1,200 cc and diesel engines less than 1,500 cc. Any car that's longer and larger will attract 40% GST. Against that backdrop, here are the new GST rates on cars, from entry-level to the most luxurious in the mass market segment. "This timely move is set to bring renewed cheer to consumers and inject fresh momentum into the Indian automotive sector," Shailesh Chandra, president of the Society of Indian Automobile Manufacturers. "Making vehicles more affordable, particularly in the entry-level segment, these announcements will significantly benefit first-time buyers and middle-income families, enabling broader access to personal mobility."

**बंद रोड से कार निकालने को लेकर हुआ विवाद**

# भाजपा नेता और एसआई भिड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डोल ग्यारस चल समारोह के लिए बंद रास्ते से गुजरने को लेकर भाजपा नेता और उनके समर्थक एसआई से भिड़ गए। दोनों में जमकर बहस हुई। मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारी पहुंचे और दोनों को शांत कराया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।**

घटना बुधवार शाम की है। डोल ग्यारस चल समारोह के चलते जवाहर मार्ग को बैरिकेड लगाकर आम वाहनों के लिए बंद किया गया था। तभी संजय सेतु की ओर से इनोवा से आए भाजपा नेता हरप्रीत बख्शी ने बंद रास्ते से निकलने की कोशिश की। वहां ड्यूटी कर रहे एसआई अमित यादव ने उन्हें रोका, लेकिन वे उसी रास्ते से जाने पर अड़ गए। इस कारण दोनों में बहस शुरू ही हुई थी कि नेता के समर्थक आ गए। इसके बाद मामला बढ़ता गया। एसआई ने समझाया कि एक भी गाड़ी जाने से ट्रेफिक जाम की स्थिति बन सकती है, पर नेताजी नहीं माने। वे एसआई पर बिफर गए। उन्होंने कहा कि वे चाहेंगे तो एसआई को इसी रास्ते से घर तक छोड़कर आना पड़ेगा। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों को समझाइश दी। बता दें कि पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर शहर में डोल ग्यारस को लेकर ट्रेफिक डायवर्ट किया गया था। एसआई अमित यादव ने बताया कि डोल ग्यारस चल समारोह के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था, पर नेताजी उसी रास्ते से कार ले जाने की जिद कर रहे थे। मैं पहले उन्हें पहचानता नहीं था। बाद में समझौता हो गया।



## प्लेटफार्म-एक के सामने खड़े किए जा सकेंगे 1000 वाहन

**इंदौर।** इंदौर रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए रि-डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसी कड़ी में दो पहिया पार्किंग स्थल को तोड़ा जा रहा है। तोड़फोड़ शुरू करने से पहले पार्किंग को प्लेटफार्म नंबर-एक के सामने शिफ्ट कर दिया है। पार्किंग में आने-जाने के लिए दीवार तोड़कर दो रास्ते बनाए गए हैं। वहीं एक हजार से अधिक वाहन खड़े करने के लिए 10 शेड बनाए हैं। रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं देने के लिए रि-डेवलपमेंट किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे ने यह काम मोंटे कार्लो कंपनी को सौंपा है। यहां 412 करोड़ की लागत से यात्रियों को रूफ प्लाजा, एग्जीक्यूटिव लाउंज, हाईटेक ड्रेनेज सिस्टम, प्लेटफॉर्म कवर शेड, सुंदर प्रवेश द्वार और वाई-फाई जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। सात मंजिला स्टेशन भवन में 26 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और 500 से अधिक कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक